वार्षिक परीक्षा : 2025–26

कक्षा – 6 **विषय – हिन्दी**

समय – 2.30 घंटे **पूर्णांक – 50**

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए (1×5=5)

(i) 'मनुष्य' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?

(क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) भाववाचक (घ) संकेतवाचक

(ii) वाक्य "वह सुंदर लेख लिखता है।" में 'सुंदर' में कौन-सा विशेषण है?

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक

(iii) "हिंद महासागर" के लिए कविता में कौनसा शब्द आया है?

(क) चरण (ख) वंशी (ग) हिमालय (घ) सिंधु

(iv) ध्यानचंद किस खेल से संबंधित थे?

(क) फुटबाल (ख) हॉकी (ग) टेनिस (घ) क्रिकेट

(v) कविता में 'नव-जीवन की ले अंगड़ाई ' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) बादल (ख) अंकुर (ग) बूँद (घ) पवन

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए (1×5=5)

(i) पहली बूँद ________________ पर आई। (अंबर/धरा)

(ii) बाबा भारती उसे ________________ कहकर पुकारते। (घोड़ा/सुल्तान)

(iii) रहिमन ______________ प्रेम का, मत तोड़ो छिटकाय। (धागा/फल)

(iv) इन बगुलों में ________________ कहां छिपा हुआ है? (दीवान/हंस)

(v) राणा प्रताप के ___________ में पड़ गया हवा को पाला था। (घोड़े/भाले)

प्रश्न 3. मुहावरे लिखिए (किसी एक के लिए) (1×4=4)

(क) आँख खुलना (ख) उल्लू बनाना (ग) चेहरे का रंग उड़ना (घ) नाक में दम होना

प्रश्न 4. सर्वनाम कैसे कहते हैं? इसके कितने प्रकार होते हैं? नाम लिखिए।

प्रश्न 5. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सभी प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए – (1x4)

"समय ही वह मूल्यवान वस्तु है, जो एक बार निकल जाए फिर कभी वापस नहीं आती। संसार में समय का सदुपयोग करने वाले ही उन्नति करते हैं, जबकि आलसी-व्यक्ति हमेशा पछताते हैं। विद्यार्थी के लिए भी समय का एक-2 क्षण बहुत कीमती है। जो समय नष्ट करते हैं, समय उन्हें नष्ट कर देता है। इसलिए हमें अपना हर काम समय पर करने की आदत डालनी चाहिए।"

प्रश्न:

(i) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु क्या है?

(ii) कौन-से व्यक्ति पछताते हैं?

(iii) समय नष्ट करने वाले क्या परिणाम होता हैं?

(iv) विद्यार्थियों के लिए क्या सलाह दी गई है?

प्रश्न 6. निम्नलिखित के लिए एक-एक शब्द बताइए (2×2=4)

(क) जिसके माता-पिता न हों – ___ (ख) जिसकी मृत्यु न हो – ___

प्रश्न 7 दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (2×3=6)

(i) मेजर ध्यानचंद किस नाम से प्रसिद्ध हैं?

(ii) श्रीकृष्ण गायों को लेकर कहाँ जाते हैं?

(iii) सरदार सुजान सिंह कहाँ के दीवान थे?

प्रश्न 7. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (1×4=4)

(क) इच्छा – ___ (ख) आशा – ___

(ग) आय – ___ (घ) घृणा – ___

प्रश्न 8. पर्यायवाची शब्द लिखिए (1×4=4)

(क) आँख – ___ (ख) कपड़ा – ___

(ग) ईश्वर – ___ (घ) फूल – ___

प्रश्न 9. अपने प्रधानाचार्य को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.) प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। (6 अंक)

अथवा

अपने प्रधानाचार्य को अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। (6 अंक)

प्रश्न 10. निबंध लेखन (कोई एक) (8 अंक)

(i) रंगों का त्योहार (होली)

(ii) मेरे प्रिय अध्यापक

http://www.teachersraj.com